The Central Vigilance Commission is already there to go into the misconduct of public servants. The Central Bureau of Investigation is also there. The performance of these agencies has been highly satisfactory. The Central Vigilance Commission acted on 1637 complaints out of 1676 complaints received during 1981. In 1980, action was decided on 1350 complaints out of 1637 complaints received.

As far as the Central Bureau of Investigation is concerned, in 1981,

[Shri P. Venkatasubbaiah]

1229 cases were registered by CBI as against 1194 in 1980. Out of these 1078 cases were against public servants and the remaining 151 were against private persons/firms. 288 cases were disposed of by the courts in 1981 of which 186 cases ended in conviction. Of the 580 departmental proceedings concluded during 1981, 422 cases resulted in punishment as compared to 521 cases decided in 1980.

Every year, annual programme of vigilance and anticorruption work is chalked out by the CBI in consultation with the CVC. The Programme envisages concerted action by selected Departments and Public Sector Undertakings in collaboration with CBI. Some of the important Ministries/Departments/Undertakings selected for the Programme for 1982 are the Ministry of Railways, Income-tax Department, Central Excise and Customs, nationalised banks, LIC, P & T, Food Corporation of India, DGS&D, DDA, CPWD and Asiad Work. Special emphasis is laid on collection of information about corruption and malpractices at various levels, keeping surveillance on corruption-prone areas conducting surprise checks at selected points and places to see that corrupt persons are prosecuted and punished, according to law.

Administrative action alone will not be able to root out this disease. Public opinion has to be mobilised, In this case, there need not be any political affiliations to be taken into account nor can there be any other considerations.

As has been very rightly said by my Hon. friend Dr. Farooq Abdullah, this is a national problem. Whether it is Dr. Farooq Abdullah or I or whoever it may be, if there is at all corruption, and wherever there is corruption, we have to join hands and see that a proper climate is created so that corrupt people will not go scot-free and take the country for a ride. This is the matter which I would like to bring to the notice of Hon. Members.

There was criticism about the Public Sector Undertakings that high posts are remaining vacant for long. I would like to inform the Hon. House that posts in Public Sector enterprises remained vacant for a considerable period. Consequently, a special drive was launched in September, 1981 for the purpose of filling up the top-level vacant posts in these enterprises. As a part of this drive, the re-constituted Public Enterprises Selection Board finalised selections for 18 posts as part-time Chairmen, 37 posts of full-time Chief Executives and 46 posts of functional Directors of Public Enterprises, after holding 36 meetings of the Board about the middle of March, 1981 and middle of March, 1982.

As a result of the special drive, the number of vacant posts of Chief Executive which stood at 71 in September, 1981, has now been reduced to 10.

Most of the existing vacancies have come up recently and action is under way to fill up those vacancies.

It is hoped that the selections for these posts would be finalised shortly.

The Hon. Minister of Home Affairs will answer all the other points which have been raised by Hon. Members.

I am highly thankful to all the Hon. Members for giving me a patient hearing. The Ministry of Home Affairs has tried its utmost to cope up with the situation during this crucial period.

I assure the House that any valuable suggestion at any time coming from any quarter will be taken into consideration.

I once again reiterate that we are wedded to secularism, democracy and socialism.

Our Prime Minister and our Government are determined to put down all the obscurantist and antisocial elements whether they are Muslim communalists, Hindu communalists or whatever communalism is there.

Some people have said that these organisations have to be banned. Will we be able to achieve our purpose by banning these organisations, unless we fight them politically ? Administrative action alone is not enough. We have to fight them politically and mobilise secular forces in the country to see that these forces are driven out and rooted out.

In this noble task, I hope that every political party will give its utmost cooperation to our Prime Minister to see that those obscurantist forces which are posing a threat to the secular character of our country and which are trying to destabilise the democratic traditions of this country, are thrown out completely.

I hope that all the Hon. Members will support this crusade against the obscurantist and divisive forces in this country.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Shri G. Narsimha Reddy.

If Hon. Members from the ruling party take only 5 minutes each, then everyone........

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Please listen to me. You listen to me and then, oppose it or support it.

Then I can cover all the Hon. Members. Because the Hon. Minister is going to reply at 5.15 P.M. If every Hon. Member takes only 5 minutes, at least 12 Hon. Members can speak.

SOME HON. MEMBERS : Let it be tomorrow.

MR. DEPUTY-SPEAKER : No, no. This is not in your hands. They have already decided and I have already announced.

You will have to sit late.

The allotted time is over. Mr. Narsimha Reddy. I request the Hon. Member to take not more than five minutes. Make only the points so that the Minister will be able to remember and reply to those points. Otherwise, if you make a long speech, he will not be able to reply to those points.

SHRI ERA MOHAN (Coimbatore): *rose*—

MR. DEPUTY-SPEAKER : Please sit down. Your Party's time is over. Mr. Narsimha Reddy.

SHRI G. NARSIMHA REDDY (Adilabad) : Today is the third day when we have been debating the Demands for Grants of the Ministry of Home Affairs. I rise to support the Demands.

I would not like to take much time going into the details of the law and order situation in this country, but I would like to add one sentence on this. So many Hon. friends have said that, while maintaining law and order, the police forces have killed many persons in the name of encounters. Since the last 30 or 32 years, we have been seeing this. If you draw a graph of the law and order situation in the country, you will find that the situation is under the perfect control of the Government, but in spite of that, I would like to tell the Hon. Home Minister that the

[Shri G. Narsimha Reddy]

situation in general is definitely deteriorating. We should be able to give a feeling of security, a sense of security, to the people of this country because our country is a developing country. We can continue with our developmental activities only if our country has complete internal peace. This is very important—maintaining internal peace. The Home Minister has to come out with all the force at his command and give all the support to the police force; while maintaining law and order in this country, if any police force makes a mistake or commits some blunder without intention, then he must be in a position to pardon him only with the object that the forces should continue to maintain law and order in this country.

I would now like to go to one of the important subjects in the Home Ministry and that is, about tribal development. I would request the Hon. Minister to pay a little attention to what I have to say on this subject. In our book we have said that, as far as tribal development is concerned, we are envisaging to main points: one, the developmental side and the other, protecting them. For the developmental side, I agree with you that the allocation of funds has been increasing year by year : there is no doubt about it. But I would like to bring to the notice of this august House the question of implementation, whether the implementation is taking place or not. We are not paying attention to the implementation side. I represent Adilabad; we are having two tribal blocks in my constituency. I have toured a good number of times. I would like to give some examples. First of all, we have to find out whether the officers who have been posted there are committed to the developmental aspect of the tribals or not. Education, we all know, is a very important subject for the tribals. I can tell you my experience in the tribal areas of my constituency. In more than 60 per cent of schools, the teachers do not attend the schools they only draw their salary. Your allocation is there; that is all. What is the use as long as we do not take any interest to see that the tribals are benefited ? Whatever plans and programmes are there, unless they are put on the ground to the right perspective which reaches the man whom we want to give, then there is no point; you may allocate even Rs. 5000 crores but it is of no use. So, I would like to draw your attention. We cannot say that implementation is a State Government subject and keep quiet. That is not sufficient. When constitutionally we are obliged to all the tribals in this country to see that their development takes place and once we feel that it is our duty, I feel that a parliamentary committee consisting of all the MPs who represent tribal blocks should be convened once in six months at least to find out how the implementation programme is going on.

Last point I would like to touch and sit down. I hope the Hon. Minister and other Members who represent the tribal areas are aware of especially the Land Regulation Act. We are very proud and we say so many of our States have passed Land Regulation Act where land, if any, of the tribal was purchased by a non-tribal some years ago, should be taken from the non-tribal and given back to the tribal. Simply this is the objective of the land regulation Act. But in practice what is happening ? I will give you one example. In my own area the tribals who do not know that there is an Act of this type, are reminded by the officers and the Party workers and they told them that our government has passed such an Act. 'Now we are going to give you the land which has been purchased from your ancestors by non-tribals. We will snatch it away from the non-tribals and give it to the tribals.' In some cases the officers who are in charge of this task have taken over the land under the Act from non-tribals and given it to

the tribals. Those tribals who never imagined that they would get back their ancestral land and who have settled down in the interior of the forests have left that village and come over to this village and occupied the land. Then the non-tribal went to the court and has brought a stay. Probably the Home Ministry is aware of it. The High Court of Andhra Pradesh has given a judgment that the land should be given back to the non-tribals. So now the same officer—I do not know whether the Home Minister is trying to follow me—has gone to the tribal now and asked the tribal, 'This is not your land' and he has taken away the land from the tribal and given it back to the non-tribal. That is why the Tribals felt agitated and there was firing and all that in Indervalli in my constituency.

So if we really want to help the tribals of this country let us not simply pass laws and enact rules and sit here. The tribals in my district are saying, 'Why have you told us and why have you called us from the interior and why have you taken the land from the non-tribal and given it to us ? During the time we have sold away the property.' The same officer under the court order is now snatching the land from the tribal.

PROF. N. G. RANGA (Guntur) : Have not the Government appealed against that judgment ?

SHRI G. NARSIMHA REDDY : What I am trying to tell you is : why you create this problem ? When you are passing a law, why don't you see that it is perfect in all respects and foolproof ? If you do not do it, it will only create problems. To-day in Adilabad district the tribals are agitated. Why do you call it a disturbed area ? Why are they disturbed ? It is only because of this type of activities which are wrongly managed and wrongly handled and the tribals are unnecessarily provoked against the Government and our Party. So I would like to appeal to the Government to correct this and see whatever we want to give them and whatever assistance we want to give the tribals, really reaches them.

श्रीमती उषा वर्मा (खेरी) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं गृह मन्त्रालय की मांगों का पूरे तौर पर समर्थन करती हूँ।

हमारी सरकार ने देश की आंतरिक स्थिति को नियन्त्रण में रखने में शानदार सफलता प्राप्त की है, जिसके लिए मैं सरकार को बधाई देती हूं। विरोधी पार्टियों और कुछ स्वार्थी तत्व निराधान बातों को लेकर सरकार के खिलाफ झूठा प्रचार करते रहते हैं जो दुःख की बात है। विरोधी राजनीतिक दलों के पास अपना कोई कार्यक्रम नहीं है। उनका एकमात्र कार्यक्रम निरर्थक बातों को लेकर प्रधान मन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी और सरकार को बदनाम करना है। इस बेकार की कोशिश में उन्हें सफलता नहीं मिल पाती, लेकिन फिर भी वे सबक नहीं लेना चाहते। देश में अशान्ति और उपद्रव का वातावरण बनाने में ये लोग अपनी सारी ताकत लगा देते हैं। अगर इसके बदले ये लोग सद्भावना, शान्ति और राष्ट्रीय सहमति का वातावरण बनाने का रचनात्मक काम करें तो देश का भला हो सकता है।

राष्ट्रीय सहमति की आज जितनी बहुत अधिक आवश्यकता है इसके बिना देश प्रगति नहीं कर सकता। कम से कम देश की जो मूल समस्यायें हैं, उन्हें हल करने में सभी वर्गों, दलों और समुदायों को सरकार से पूरा सहयोग करना चाहिए। लोकतन्त्र को इसी तरह मजबूत बनाया जा सकता है। राष्ट्रीय सहमति देश की प्रगति में तेजी ला सकती है।

[श्रीमती उषा वर्मा]

विरोधी दल जिम्मेदारी की भूमिका नहीं निभा रहे हैं। लोकतन्त्र में जनता द्वारा चुनी हुई सरकार का स्वस्थ विरोध तो हो सकता है, लेकिन विरोधियों की यह भी जिम्मेदारी है कि देश की प्रगति के लिए सरकार के प्रयासों में योगदान करें।

आज देश के सामने कई मूल समस्यायें हैं, जनसंख्या में बेतहाशा वृद्धि हो रही है जिसे रोकना जरूरी है। शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन कर उसे अधिक उपयोगी और देश की आवश्यकताओं के अनुकूल बनाना होगा। सार्वजनिक और निजी जीवन में नैतिकता की स्थापना करनी होगी। चुनाव में गलत तरीकों का इस्तेमाल खत्म करना ही होगा। नौकरशाही की मनोवृत्ति को जनआकांक्षा के अनुकूल बनाना होगा। विलासिता का जीवन जीने की उच्च वर्ग की मनोवृत्ति को खत्म करना जरूरी है। युवा वर्ग को अकर्मण्यता से निकाल कर कर्म के रास्ते पर चलाना है। देश की समस्याओं का हल करने में विरोधी दलों से सरकार के साथ सहयोग करने की मैं उनसे अपील करती हूँ।

हमारी प्रधान मन्त्री जी विरोधी दलों के सहयोग का हमेशा स्वागत करती हैं। वे लोकतन्त्र में महान आस्था रखती हैं। दुःख की बात है कि कई ताकतें देश के अन्दर अशान्ति और गड़बड़ी का वातावरण बनाए रखना चाहती हैं। मैं सरकार से अनुरोध करती हूँ कि ऐसी ताकतों को सख्ती से कुचलना चाहिए।

खालिस्तान जैसे राष्ट्र-विरोधी नारों के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ स्पष्ट दिखाई देता है। देश की एकता के लिए ऐसे खतरों से निपटने में सरकार के साथ सहयोग करने में सभी लोगों को सामने आना चाहिए। लेकिन कुछ ताकतें आग भड़काने में लगी रहती हैं।

साम्प्रदायिक सद्‌भाव को बिगाड़ने और शान्ति से रहने की इच्छा रखने वाले समुदायों के बीच झगड़ा कराने में कुछ साम्प्रदायिक दलों की साफ-साफ साजिश होती है। मैं देश के समस्त प्रगतिशील लोकतान्त्रिक और देशभक्त लोगों से अपील करती हूँ कि साम्प्रदायिकता के सांप को कुचलने के लिए एकजुट हों।

राष्ट्रीय एकता समिति का नए सिरे से निर्माण कर उसे और अधिक सक्रिय बनाया जाना चाहिए। राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने में बुद्धिजीवियों, श्रमिकों और युवावर्ग का सक्रिय सहयोग लिया जाना चाहिए। सरकार को इस कार्य में सभी वर्गों के साथ मिल कर देश में जन-जागृति अभियान चलाना चाहिए।

साम्प्रदायिक सद्‌भाव को भंग करने की कोशिशों के पीछे भी विदेशी ताकतों का हाथ होता है। ऐसी ताकतों को सख्ती से दबाया जाना चाहिए।

हरिजनों के साथ समाज विरोधी तत्वों की हरकतों का नाम लेकर भारी कोहराम मचाया जाता है, लेकिन लोग इस बात को भूल जाते हैं कि जात-पात हमारा सामाजिक अभिशाप है। इसका निराकरण सामाजिक क्रान्ति ला कर ही किया जा सकता है। प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है कि वह सामाजिक क्रान्ति की मशाल उठाये।

जात-पात राजनीतिक समस्या नहीं है, किन्तु यह राजनीतिक तब बन जाती है जब कुछ राष्ट्रविरोधी तत्व दूसरे समाज विरोधी तत्वों की निन्दनीय हरकतों का राजनीतिक लाभ उठाना चाहते हैं। समस्या के मूल में

आर्थिक पहलू भी है। हरिजनों की सुरक्षा की व्यवस्था करने और उन्हें हथियार देने के साथ-साथ जब तक उनकी आर्थिक दशा नहीं सुधरेगी, तब तक समस्या का हल नहीं निकल सकता। हमारी प्रधान मन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी के मन में हरिजनों के लिये दर्द और सहानुभूति है। उन का नया बीस सूत्री कार्यक्रम हरिजन कल्याण की नई रोशनी ले कर आया है।

जब समाज विरोधी और देशद्रोही ताकतों से निपटने के लिये राष्ट्रीय सुरक्षा कानून और आवश्यक सेवा अधिनियम लागू किये जाते हैं तो उनके खिलाफ़ निरर्थक प्रचार किया जाता है, लेकिन एक भी उदाहरण ऐसा नहीं है कि इन कानूनों का निरपराध लोगों के खिलाफ प्रयोग किया गया हो।

विरोधी दलों की हड़ताल और आन्दोलन की कोशिशों को जनता नाकाम करने लगी है। 19 जनवरी के तथा कथित "भारत-बंद" की पोल खुल गई। रास्ता रोको और चक्का-जाम आन्दोलन बुरी तरह असफल हो गये। विरोधी दलों को चाहिये कि वे अब रचनात्मक सहयोग का रास्ता अपनायें। असम की समस्या और धर्म-परिवर्तन जैसे मामले रचनात्मक सहयोग से ही सुलझाये जा सकते हैं लेकिन निहित स्वार्थी तत्व तो आग लगाने में जुटे हुए हैं। धर्म की रक्षा के नाम पर पूना, कन्याकुमारी और नगरकोयल में जो दंगे कराये गये उन के पीछे प्रतिक्रिया-वादी और साम्प्रदायिक दलों का हाथ है, जो हमेशा नया चेहरा लेकर सामने आते हैं। विश्व हिन्दू परिषद साम्प्रदायिकता के सांप का ऐसा ही नया अवतार है।

देश में कानून और व्यवस्था की स्थिति पहले से बहुत अच्छी है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में डकैतों का तेजी से सफाया हो रहा है। दुख की बात है कि डकैतों को मरते हुए देख कर कुछ विरोधी दल फर्जी मुठभेड़ों का भूत खड़ा करते हैं। पुलिस के बहादुर जवान और अधिकारी शहीद हो कर डकैतों का उन्मूलन कर रहे हैं। पुलिस का मनोबल बढ़ाने के लिये सिपाहियों और छोटे अफसरों की आर्थिक दशा में सुधार करना चाहियें और उन्हें अधिक सुविधायें दी जानी चाहिये। मैं सरकार से अपील करती हूं कि सभी राज्य सरकारों को पुलिस के सिपाहियों और छोटे अधिकारियों के वेतन और सुविधाओं में वृद्धि करने के लिये प्रेरित किया जाय।

सिपाहियों की तनख्वाहें बहुत कम हैं। सुविधाएं भी बहुत कम हैं। उनके कठोर कर्त्तव्यों को देखते हुए उनका आर्थिक उत्थान करना जरूरी है।

अन्त में मैं फिर एक बार सभी देशभक्त लोकतांत्रिक ताकतों से हमारी महान् नेता श्रीमती इन्दिरा गांधी के हाथ मजबूत करने की पुरजोर अपील करती हूं। विरोधी दल अपनी एकता की असफल कोशिशों में लगे रहते हैं। उन्हें चाहिए कि विरोधी एकता की मृगतृष्णा के पीछे भागना छोड़ कर वे राष्ट्रीय एकता का दामन पकड़ें। उनका भी कुछ उद्धार हो जाएगा।

अन्त में मैं भारत के सभी स्वतन्त्रता सेनानियों की मांगों का समर्थन करते हुए गृह मंत्री जी से अपील करती हूं कि केन्द्रीय पार्लियामेंटरी परामर्शदात्री समिति द्वारा पास की गई सभी मांगों को गृह मंत्री जी अतिशीघ्र अपनी केबिनट से मंजूर कराएं।

MR. DEPUTY-SPEAKER : Shri Laxman Karma.

SHRI ERA MOHAN : Sir, I want some time. (*Interruption*)

MR. DEPUTY SPEAKER : There will not be time. Please listen. This is not correct procedure. I am asking you to sit down.

श्री लक्ष्मण कर्मा (बस्तर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं गृह मंत्रालय की मांगों का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूँ। मैं प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी और गृह मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूँ कि उन्होंने हमारे आदिवासी लोगों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रखी हैं। इससे निश्चित रूप से आदिवासी लोगों को लाभ होगा।

प्रधान मंत्री जी ने जो 20 सूत्री कार्यक्रम घोषित किया है, उससे द्रुत गति से विकास होगा और इस कार्यक्रम से आदिवासी, हरिजन और पिछड़े वर्गों के लोगों का उत्थान होगा। इससे हमारे जो पिछड़े क्षेत्रों में रहने वाले गरीब लोग हैं, उनको लाभ होगा। इसलिए हमारे देश की प्रधान मंत्री ने जो 20 सूत्री कार्यक्रम की घोषणा की है, उसके लिए मैं उनको बधाई देना चाहता हूं।

आई० आर० डी०, एन० आर० ई० पी०, ट्राइसम और जो दूसरे प्रोग्राम गरीबों के लिए शुरू किये गये हैं, उनसे आदिवासी और गरीब तबके के लोगों को और देहात में रहने वाले जो लोग हैं, उनको काफी लाभ होगा लेकिन इस कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कर्मशियल बैंक सामने नहीं आ रहे हैं और बिना बैंकों की सहायता के ये काम नहीं हो सकते हैं।

मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि हमारे देश में आदिवासी और हरिजनों के उच्चाधिकारी, आई० ए० एस०, आई० पी० एस० या न्यायिक सेवा में जो जज हैं, वे बहुत कम हैं और यह देखा जाता है कि हमारी जो आरक्षण नीति है, वह कारगर रूप से लागू नहीं की जा रही है। हमारे देश में आई० ए० एस०, आई० पी० एस० और जजों में आदिवासियों को भी अवसर मिलना चाहिए। मैं चाहूंगा कि गृह मंत्रालय इस तरफ ध्यान दे और इन लोगों को भी अवसर दिया जाए।

विरोधी दल हमेशा हवा में बात करते हैं और बार बार नेता बदलने की बात करते हैं। मेरा कहना यह है कि विकास के लिए एक नेता, एक पार्टी एक झंडे की जरूरत है। हमारे देश की प्रधान मन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी एक ऐसी नेता हैं, जो हरिजनों और आदिवासियों की ओर विशेष ध्यान दे रही हैं और उनके लिए नये नये कार्यक्रम चला रही हैं। 20 सूत्री कार्यक्रम अभी चालू किया गया है और इस से इन लोगों को बहुत अधिक लाभ होगा।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि मेरे क्षेत्र में, बस्तर जिले में नक्सेलाइट्स की गतिविधियां बहुत जोरों से चल रही हैं और इस से वहां पर आदिवासी काफी आतंकित हो रहे हैं। कृपया इस तरफ ध्यान दिया जाए और पुलिस बल वहां पर रखा जाए ताकि इस चीज को रोका जा सके। उन के लिए निर्माण कार्य और विकास कार्य कराए जाएं, ताकि उनको मजदूरी मिल सके। इस से वहां के लोगों को ऐसे कार्य करने से रोका जा सकता है। वहां पर रोज नक्सलपंथियों का आतंक बना रहता है। इसलिए वहां पर नये विकास कार्य द्रुत गति से चलाने की आवश्यकता है। बस्तर जिले में अबूजमार्ग एक बहुत पिछड़ा क्षेत्र है, जहां पर प्रिमिटिव लोग रहते हैं और उन के लिए कोई विशेष कार्यक्रम नहीं लिया गया है। वह एक अपेक्षित क्षेत्र है। वहां पर

विकास कार्य तथा दूसरे कार्य करना बहुत आवश्यक है तभी वहां के आदिवासियों को लाभ मिल सकेगा, आगे बढ़ सकेंगे।

पिछड़े लोगों तथा आदिवासियों का ठेकेदार बहुत अधिक शोषण करते हैं। अधिकारी लोग भी करते हैं। मेरा सुझाव है कि ऐसी समितियां वहां बनाई जाएं जो यह देखें कि आदिवासी क्षेत्रों में ठेकेदार या अधिकारी वर्ग आदिवासियों का शोषण न कर सके और उनको न्यूनतम मजदूरी दिलाएं।

आदिवासी, हरिजन और पिछड़ी जातियों के लोग अधिकांश में अशिक्षित हैं। उनको शिक्षित करने के लिए विशेष कदम उठाए जाने चाहियें। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र खोले जाने चाहियें। प्रौढ़ शिक्षा की जो योजना है, जो कार्यक्रम है इसको प्रभावशाली ढंग से, कारगर ढंग से लागू किया जाना चाहिये। उनको इस योग्य बनाया जाना चाहिये कि वे शोषण से बच सकें।

बस्तर जिले के वनों में आदिवासी लोग रहते हैं। विकास के कार्यक्रम वहां बहुत कम चलाए गए हैं। उनको इन से लाभ नहीं मिल रहा है। वहां पीने तक के पानी की व्यवस्था नहीं है। मेरा सुझाव है कि विशेष सर्वेक्षण किया जाना चाहिए और जहां पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है वहां पीने के पानी की व्यवस्था की जानी चाहिये।

आदिवासी लोग जंगलों में रहते हैं। उनका जंगलों में काम करने वाले ठेकेदार बहुत शोषण करते हैं। उनके शोषण से आदिवासियों को बचाने के लिए वहां पर कमेटियों का निर्माण किया जाना चाहिये। वनों की उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए वहां सहकारी समितियां बनाई जानी चाहिये। उनकी उपज की खरीद की उचित व्यवस्था होनी चाहिये। सीधे उसको खरीदा जाएगा तभी उसको शोषण से बचाया जा सकता है।

रिजर्वेशन की अवधि श्रीमती इन्दिरा गांधी की सरकार ने दस साल के लिए बढ़ाई है। इस अवधि में तीव्र गति से उनके विकास के लिए काम किए जाने चाहियें, कारगर ढंग से उनके वास्ते जो कार्यक्रम हैं उनको चलाया जाना चाहिए। ऐसा किया गया तभी उनका विकास सम्भव हो सकेगा।

बस्तर पिछड़ा जिला है। आवागमन के साधन वहां बहुत कम हैं। इससे बड़ी असुविधा होती है। आदिवासी इलाकों को सड़कों से जोड़ा जाना चाहिये। इससे वहां लोगों को काम मिलेगा। आवागमन की कमी की वजह से वहां विकास कार्यक्रम सफल नहीं हो पाते। इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

धन्यवाद।

डा० हीरालाल आर० परमार (पाटन) : उपाध्यक्ष महोदय, दलित वर्ग की जो असली बीमारी है उसकी ओर मैं इस सदन के डाक्टरों का ध्यान दिलाना चाहता हूं। हमारा देश आजाद है। दलित वर्ग के लोग आज भी रूलिंग पार्टी कांग्रेस के साथ हैं। कांग्रेस पार्टी हमारे लिए कुछ कर भी रही हैं। ऐसी बात नहीं है कि कुछ नहीं कर रही है। फिर भी जो बीमारी है उस बीमारी की तरफ सदन के डाक्टरों का मैं ध्यान केन्द्रित करना चाहता हूं।

[डा• हीरा लाल ग्रार परमार]

गुजरात गांधी जी का प्रान्त है ग्रौर मैं वहीं से ग्राता हूं। वहां की समस्याग्रों पर मैं थोड़ा सा प्रकाश डालना चाहता हूं। गुजरात में किसी भी गांव में एक भी मंदिर में कोई दलित नहीं जा सकता है। ग्राज तक नहीं जा सका है। गुजरात में तालाब से गधा पानी पी सकता है लेकिन दलित नहीं। वह उसके नजदीक नही जा सकता है। मैं चैलेंज के साथ यह बात कहता हूं। गुजरात में किसी भी मंदिर में दलित नहीं जा सकता है, किसी भी कुए पर, किसी भी तालाब पर नहीं जा सकता है। 33 साल की ग्राजादी के बाद भी यह हालत है। यह एक तथ्य है। डाक्टरों के सामने मैं यह समस्या रख रहा हूँ।

बीस सूत्री कार्यक्रम चल रहा है। इस कार्यक्रम के ग्रनुसार देहातों में दलितों को प्लाट देने की बात कही गई है। लेकिन मैं चैलेंज के साथ कहता हूँ कि गुजरात में किसी भी गांव में दलितों को प्लाट गांव के ग्रन्दर नहीं दिया जाता है, गांव से दूर ग्रौर ग्रलग दिया जाता है। ग्राजादी के 33 साल के बाद भी यह समस्या है।

एक बात ग्रौर है कि न्यायालय हमारे देश में बहुत काम कर रहे हैं, लेकिन पुलिस का तन्त्र क्या काम कर रहा है? उदाहरण के लिये कफालता में 2 साल पहले एक दलित नौजवान की बारात जा रही थी, दूल्हा बेचारा घोड़े पर बैठा था, बाजे बज रहे थे, तो उच्च जाति के लोगों ने 14 बारातियों को मार दिया था ग्रौर पुलिस ने ऐसी कार्यवाही की कि ग्रदालत से सब लोग निर्दोष छूट गये। लेकिन दिल्ली में दो साल पहले चोपड़ा परिवार के 2 बच्चों को मार दिया था, कातिलों का पता भी तब नहीं था, लेकिन पुलिस ने इतनी मुस्तैदी से कार्यवाही की कि दो कातिलों को, बिल्ला ग्रौर रंगा को- फांसी दी गई। लेकिन दलितों वाले केस में ग्रदालत से 14 ग्राद-मियों को मारने वाले साफ छूट गये। ग्राज हमारी ही बनाई हुई सरकार है, हम ग्राशा करते हैं कि हमारी सरकार हमारे लिये कुछ करेगी। इसी तरह से 219 हमारी हाउसिंग-कोग्रापरेटिव स्कीम हैं, रूरल हाउसिंग की जो 7 साल से स्थगित हैं। एक मिनिस्टर का या क्लास 1 ग्रफसर का संडास ग्रौर बाथरूम बनाने पर 12, 15 हजार रु० खर्च किया जाता है, लेकिन दलितों के लिये पूरा मकान 3,000 रु० में बनाया जा रहा है। ग्राप सोचें इतने कम पैसों में ग्राजकल क्या मकान बन सकता है? यह ऐस्टीमेट 1956 में बनाया था लेकिन ग्राजकल की महंगाई को देखते हुए उस में कोई सुधार नहीं हो रहा है। इसी तरह से रिजर्वेशन हमको उठाने के लिये रखा गया। फिर भी गुजरात में 7 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को नहीं लिया जाता है। किसी टीचर की पोस्ट के लिये विज्ञापन निकलता है, 2000 दरखास्तें ग्राती हैं, लेकिन 7 प्रतिशत से ज्यादा दलितों को नहीं लिया जाता है। तो यह रिजर्वेशन है या कन्ट्रोल है?

मैं पब्लिक ग्रन्डरटेकिंग कमेटी का सदस्य हूँ ग्रौर इस नाते देश में उनकी स्थिति को देखता हूँ। स्वीपर का काम हमारे लिये ही हैं, ब्राह्मण, पटेल, बनिये का नहीं है। मैंने बम्बई में देखा कि स्वीपर्स को कांट्रेक्ट पर रखा जाता है एयर इन्डिया ग्रौर इन्डियन एग्ररलाइन्स में वहां बम्बई में 450 स्वीपर्स काम करते हैं 6 रु० डेली वेजेज पर। मैंने दारुवाला कांट्रेक्टर को लिखा कि इतनी कम पगार

में कैसे कोई काम कर सकता है। लेकिन काई सुनने वाला नहीं है। 30, 35 किलोमीटर से वह गरीब काम पर आता है। 2 रु० तो उसके बस में खर्च हो गये। 4 रु० में वह कैसे अपना पेट पाल कर सकता है? हम चाहते हैं कि बनिया, ब्राह्मण इस काम में आयें, मुमकिन है तब पगार बढ़े।

डा० अम्बेडकर दलितों के माने हुए नेता हैं उनकी मूर्ति संसद भवन में लगी हुई है जहां उनके जन्म दिन पर उत्सव होता है। लेकिन अम्बेडकर स्टेडियम में उनकी मूर्ति को तोड़ दिया गया था, उसको ठीक करने के लिए आन्दोलन भी हुआ। लेकिन वह मूर्ति आज तक नहीं बनी। तोड़ने वालों को कुछ सजा नहीं दी गई। किसी अन्य बड़े नेता जैसे सरदार पटेल या जवाहर लाल जी की मूर्ति होती और वह टूट गई होती तो क्या होता? तोड़ने वालों को सजा भी मिलती और मूर्ति भी बन गई होती। लेकिन डा० अम्बेडकर की मूर्ति आज तक नहीं बनी है। हमें साल में एक बार ही होम मिनिस्ट्री की डिमान्ड पर बोलने का मौका मिलता है। तो हमारी आत्मा को क्या कंट्रोल कर सकते है? मैं 17 करोड़ दलितों का प्रतिनिधि होने के बाद इस सदन में उनकी दर्द की बात नहीं बताऊंगा तो इलाज कैसे होगा?

मैं डाकुओं की बात कहना चाहता हूं। डाकू डाका डालने गये देहुली में, साधोपुर में, केस्तरा में। वह किस के घर डाका डालने गये? जिसके घर मिट्टी के फूस के बने हुए हों, पहनने को कपड़े न हों, खाने को अनाज न हो तो उनके यहां लुटेरे क्यों जाते हैं? इसके कारण में डाका डालना नहीं है, वह कारण हमें देखना होगा।

दलित लोग मुसलमान होते हैं, क्यों मुसलमान होते हैं वह भी देखें कि इसकी क्यों जरूरत पड़ती है? हमारे देश का यह सदन बिना साम्प्रदायिक है, यहां किसी धर्म की बात कर सकते हैं तो इस बात के चिल्लाने की क्या जरूरत है कि दलित मुसलमान हो रहे हैं। अगर कोई सिख, पारसी, बुद्धिस्ट हो तो कोई चिन्ता नहीं होती है लेकिन अगर कोई दलित मुसलमान होता है तो चिन्ता है। यह क्यों?

मुसलमानों और दलितों का 5,000 साल से क्या सहयोग है, यह पुरानी बात है, मैं सदन के सामने पेश करना चाहता हूं। आप सब को पता है कि कि गांव में दलितों का घर कहां होता है। उनका घर गांव के पूर्व भाग में होता है और मुसलमान का घर भी दलित के घर के पास होगा। यह हमारा उनसे सहयोग रहा है जो कि हजारों साल से चला आ रहा है। हमारे हिन्दुस्तान के मुसलमान हमारे भाई हैं, अगर देश के 15 करोड़ दलितों से वह सहयोग करें तो उसमें क्या बात है?

श्री माधव राव सिन्धिया : (गुना) हम भी आपके भाई हैं।

श्री हीरा लाल आर० परमार : हमारे गृह-मंत्री शेर बोला करते हैं, मैं भी एक शेर कहना चाहता हूं :—

सचाई छिप नहीं सकती बनावट के उसूलों से,
खुशबू आ नहीं सकती कभी कागज के फूलों से ॥

मैं कहना चाहता हूं कि हमारे इन दलित लोगों का ख्याल करना चाहिए। इनकी आबादी 15 करोड़ के बाद भी इनके लिए अलग मिनिस्ट्री और अलग मिनिस्टर नहीं

[डा० हीरा लाल आर० परमार]

बनाया जाता है। रिजर्वेशन में स्वीपरों के लिये आज एन्टी रिजर्वेशन आन्दोलन होता है। अब अगर मुसलमान वह हो जाते हैं तो रिजर्वेशन आटोमेटिक खत्म हो जाता है। अगर वह मुसलमान हो जायें तो रिजर्वेशन खत्म, यह भी देखना जरूरी है, इससे आपको फायदा होगा। हरिजन अगर मुसलमान होगा तो यह सवाल पार्टी का नहीं है, यह सब का सवाल है। अगर हरिजनों के लिये गंभीरता से कुछ नहीं सोचेगें तो आज देश में दलित जागरूक हैं। मैं एक छोटी सी बात कहना चाहता हूँ कि 3 साल का बच्चा अपनी मां की गोद में सो सकता है, लेकिन 35 साल का बच्चा होने के बाद अगर कोई कहे कि मां के साथ सो जाओ तो वह उसका सिर तोड़ देगा, खामोश नहीं रह सकेगा। देश के दलित आज पैंतीस साल के जवान हो गए हैं।

उपाध्यक्ष जी, आपने जो मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए धन्यवाद।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी (नई दिल्ली) : उपाध्यक्ष महोदय, इस चर्चा में सत्तारूढ़ दल के अनेक सदस्यों ने विरोधी दलों से सहयोग की बात कही है। सहयोग के साथ आरोप भी लगाये गये हैं।

गुजरात में जब आरक्षण का आन्दोलन हुआ और आन्दोलनकारी सड़कों पर निकल आये, सारे समाज की एकात्मता के लिए खतरा पैदा हुआ, तो क्या इस सदन में विरोधी दलों ने सत्तारूढ़ दल के साथ मिलकर सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित नहीं किया?

अगर हम चाहते, तो आरक्षण पर होने वाले आंदोलन का दलगत लाभ के लिए प्रयोग कर सकते थे। (व्यवधान) श्री मनीराम बागड़ी विरोध में किसी से कम नहीं हैं, मगर सर्व-सम्मति से प्रस्ताव पारित करने का सुझाव श्री मनीराम बागड़ी की ओर से ही आया था जो सब से उग्र विरोधी हैं, उनका भी दृष्टिकोण रचनात्मक है, इस पर जोर देने के लिए मैं यह कह रहा हूं।

16.56 hrs.

[SHRI SOMNATH CHATTERJI *in the Chair*]

आसाम में विदेशियों के सवाल को हल करने के लिए विरोधी दल त्रिपक्षीय वार्ता में बैठे हैं। आप शासन में हैं, सिर-दर्द आपका है, आसाम में आग लगती है, तो लगे। मगर हम यह रवैया नहीं अपना सकते। हमें चिन्ता है, और इसी लिए इस समस्या का एक संतोषजनक हल निकालने के लिए विरोधी दल अपना सहयोग दे रहे हैं।

राष्ट्रीय मुद्दों को हल करने के लिए सब के सम्मिलित प्रयत्न हों, यह आवश्यक है। मगर इसके लिए वातावरण कहां है? क्या प्रधान मंत्री के लिए यह जरूरी था कि अपने नये बीस-सूत्री कार्यक्रम को देश के सामने रखते हुए वह जनता सरकार की उपलब्धियों को घटा कर बताने की कोशिश करतीं? उन्होंने यहां तक कह दिया कि जनता सरकार के दो सालों में देश बिखरने वाला था। जनता सरकार के दो सालों में खालिस्तान का नारा नहीं लगा था। उन दो सालों में मीनाक्षीपुरम का कांड नहीं हुआ था।

श्री माधवराव सिन्धिया : उस वक्त रैसपांसिबल आपोजीशन था।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : कैसा रैसपांसिबल आपोजीशन था, इसका भी हमें पता है। सरकारी पार्टी जहां पर

आपोजीशन में है, वहां वह किस तरह रेंसपांसिबल तरीके से व्यवहार कर रही हैं, यह भी हम देख रहे हैं।

व्यवहार के मानदंड अलग अलग नहीं हो सकते। अभी जम्मू-कश्मीर की चर्चा हो रही थी। लद्दाख और जम्मू के साथ जो भेदभाव हुआ है, उसके विरुद्ध हम भी आवाज उठाते रहे हैं। मगर क्या लद्दाख और किश्तवाड़ में हिंसात्मक आंदोलन को उभाड़ा जाएगा? कलकत्ता में सूचना मंत्रालय ने फिल्मोत्सव का आयोजन किया, मगर नेताजी सदन में हुल्लड़ मचाने के लिए सत्तारूढ़ दल का एक नौजवान दल उठा था। अगर हम ऐसा करते, तो हम ध्वंसात्मक हैं, हमारा लोकतंत्र में विश्वास नहीं है। मगर लद्दाख में सरकारी दफ्तरों में आग लगेगी, कलकत्ता में बसें जलाई जाएंगी, क्योंकि डीजल की कीमत बढ़ने के कारण किराये बढ़ाए गए, फिल्मोत्सव में आपके समर्थक नौजवान हुल्लड़ करेंगे, तब कोई उसकी निन्दा भी नहीं करेगा।

1947 के बाद इस देश में लोकतांत्रिक तरीके से आर्थिक सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया को तेज करने के लिए हमने एक नैशनल कानसैनसस ईवाल्व किया था। उस कानसनसस ने आज तक देश को एक रखा है। मुझे दुख है कि वह आम सहमति टूट रही है। दलित वर्ग आज अन्याय के साथ समझौता करने को तैयार नहीं है। मैं अपने हरिजन भाइयों की पीड़ा समझता हूं। मीनाक्षीपुरम में उन्होंने मुझसे कहा कि आप हमें जमीन नहीं दिला सकते, नौकरी नहीं दिला सकते, मगर कम से कम हमें गाली दे कर बुलाना तो बन्द कर दें। आज हम उन्हें गाली दे कर बुलाना भी बन्द नहीं कर सके हैं।

जनता पार्टी के राज्य में हरिजन भाइयों पर ज्यादतियां होती थीं, तो वे ज्यादतियां थी। क्या आज वे ज्यादतियां नहीं हैं? क्या उस समय आपने उन ज्यादतियों से लाभ उठाने की कोशिश नहीं की; बेलछी और नारायणपुर की घटनाओं को लेकर आपने विरोधी दल की सरकारों को कठघरे में खड़ा कर दिया था। प्रधान मंत्री स्वयं नारायणपुर गई थीं। पत्रकारों ने उनसे पूछा कि उत्तर प्रदेश में विरोधी दल की सरकार हैं, क्या आप राजनैतिक फायदा उठाने के लिए आई हैं।

17 hrs.

प्रधान मंत्री का जबाव था अगर हमारे विरोधी गल्ती करें तो हम फायदा क्यों न उठायें। अब स्थिति बदल गई है।

मैं फिर कहना चाहता हूँ कि हरिजन और वनवासियों के साथ न्याय के सवाल पर एक राष्ट्रीय मतैक्य की आवश्यकता है। गृह मन्त्री नेशनल इन्टिग्रेशन कोंसिल की बैठक इसी सवाल पर विचार करने के लिए बुलायें। एक समयबद्ध कार्यक्रम तय किया जाना चाहिए। अभी वेंकटसुब्बैया जी नेशनल इंटिग्रेशन कौंसिल की चर्चा कर रहे थे। कब से उसकी बैठक नहीं हुई है? उसे बना दिया और अलमारी में सजा दिया। एक कमेटी आन कम्युनलिज्म बनाई गई है। (व्यवधान) उसमें मैं नहीं हूं, चन्द्रशेखर जी भी नहीं हैं। विरोधी दल से लिया गया था चव्हाण साहब को - अगर मैं गल्ती नहीं करता तो क्या उस कमेटी ने किया है? आंकड़े देकर आप सिद्ध कर सकते हैं कि साम्प्रायिक घटनायें कम हो गई हैं, लेकिन कन्या कुमारी में जो कुछ हुआ है वह खतरे की घंटी है। अभी तक देश के किसी भाग में ईसाई और हिन्दुओं के बीच में इस तरह

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

की कटुता पैदा नहीं हुई थी। मैं आरोप नहीं कर रहा और प्रत्यारोप से इसका जवाब नहीं मिलेगा। आज किसी व्यक्ति का भविष्य दांव पर नहीं लगा है, किसी दल की तकदीर आज तय होने नहीं जा रही है, अगर कोई चीज़ दांव पर है तो देश की एकता और देश की अखण्डता दाव पर है, देश की एकता और देश की अखण्डता कैसे बचेगी ?

सभापति जी, मेरा निवेदन है कि राष्ट्रीय मुद्दों पर एक ब्राड नेशनल कन्सेन्सस इवाल्व करने की कोशिश होनी चाहिए। मगर इसके लिए जो डिमोक्रैटिक इंस्टीट्यूशन्स हैं उनकी मर्यादा की रक्षा करनी होगी। राज्यपाल हमेशा ऐसे फैसले करे जो सत्तारुढ़ दल के हक में जायें तो राज्यपाल की संस्था का सम्मान आप बनाए नहीं रख सकते हैं। केरल में क्या हुआ और असम में क्या हुआ ? असम की विधान सभा आपने भंग करदी। मुझे भविष्य के लिए चिन्ता हो रही है। . अब असम में आपको चुनाव कराने पड़ेंगे। इसलिए अभी तक असम में विधान सभा को सस्पेन्ड किया जाता था, भंग नहीं किया जाता था। अभी वहां विदेशियों का सवाल तय नहीं हुआ है लेकिन राज्य सभा में कहीं विरोधी दल का एक सदस्य न आ जाए इसलिए विधान सभा तोड़ दी। केरल की विधान सभा भी अभी कुछ दिन रह सकती थी। राज्य सभा के एक एक सदस्य के लिए जो लड़ाई हो रही है, उसी से मेरे मन में आशंका पैदा हुई है कि कहीं संविधान के बुनियादी परिवर्तन की योजना तो नहीं बन रही है ? गृह मन्त्री इसका खण्डन करें।

मेरा निवेदन है कि पहले भी एक गवर्नर्स के सम्मेलन में राज्यपालों के लिए आचार-संहिता बनाने की बात कही गई थी। आप कह सकते हैं कि आप सरकार में थे तब यह क्यो नहीं किया लेकिन हमको लोगों ने इसीलिए हटाया है कि आप हमसे कुछ अच्छा करके दिखायेंगे। हम दल-बदल के खिलाफ कानून नहीं बना सके, बनाना चाहते थे लेकिन हमारे दल के कुछ लोग दल-बदल करने की बात कर रहे थे इसीलिए कानून नहीं बना लेकिन आपको क्या आपत्ति है ? मैं गोवा गया था। गोवा में जब चुनाव हुए थे तब कांग्रेस (आई) का कोई प्रतिनिधि नहीं चुना गया था, सभी कांग्रेस (यू) के चुने गए थे और अब वहां पर सरकार है कांग्रेस (आई) की। रातों-रात उसका पुनर्जन्म हो गया। अगर गोवा में आपकी सरकार न होती तो क्या आसमान टूट जाता ? मगर नहीं, एक असहिष्णुता की प्रवृत्ति पैदा हो रही है। विरोधी दलों का सहयोग चाहते हैं मगर चुनाव के लिए तैयार नहीं। मुझे दुःख है, वेंकटसुब्बैया साहब ने दिल्ली के बारे में जो कुछ कहा है, दो साल हो गए यहां मेट्रोपोलिटन कौंसिल नहीं है, म्युनिसिपल कार्पोरेशन नहीं है।

सरकारी अफसर दिल्ली की जनता की तकदीर का फैसला कर रहे हैं। कोई दुखड़ा सुनने वाला नहीं है। कहां जाएं किससे अपनी बीती कहें। आज कहा जा रहा है कि दिल्ली के ढांचे के बारे में हमें नए सिरे से विचार करना होगा। दो साल तक विचार की प्रक्रिया क्यों बन्द पड़ी थी ? विचार चलने दीजिए और चुनाव भी कराइए। विशेषज्ञ समिति बन रही है, मगर उस को टर्म्स आफ रिफ्रेंस क्लीयर नहीं है। श्री टाईटलर कह रहे थे कि हमने वायदा किया है कि हम एसेम्बली बनायेंगे—वायदा किया है तो पूरा करिए। वायदा किया है तो निभाना पड़ेगा। ज्ञानी जी मेरे सामने बैठे हुए हैं, तो मुझे प्रेरणा आ रही है। मगर

विशेषज्ञ समिति के सामने कोई रिपोर्ट दाखिल करने की सीमा-रेखा तय नहीं की गई, समय-रेखा तय नहीं की गई।

कब तक विशेषज्ञ समिति रिपोर्ट देगी ? पुरानी दिल्ली के लिए आप कमेटी बना रहे हैं और बाकी दिल्ली के लिए ? मैं भी दिल्ली से चुनकर आया हूँ। मगर संसद सदस्य के नाते मुझे भी विश्वास में नहीं लिया जा रहा है। उपराज्यपाल कांग्रेस पार्टी के पार्लियामेंट के मैम्बरों को साथ लेकर इलाके का दौरा कर रहे हैं, लेकिन उपराज्यपाल मेरे साथ नहीं आयेंगे।

सभापति महोदय, दिल्ली का हाल क्या है ? दिल्ली में बस सर्विस घाटे में चल रही है। 1979-80 में 17 करोड़ रु० का घाटा 1980-81 में 45 करोड़ रु० का घाटा, हो गया, 1981-82 में 60 करोड़ रुपए का घाटा, जबकि बसें 2,626 हैं, जिनकी कुल कीमत 40 करोड़ रु० है और घाटा हो रहा है 60 करोड़ रु० का। फिर भी यात्रियों को सुविधा नहीं है।

डेसू की क्या हालत है ? 1978 में जनरेशन में डेसू का हिन्दुस्तान में दूसरा नम्बर था। 200 मैगावाट एव्रेज पर-डे, लेकिन अब डेढ़ सौ रह गया है। घाटा 1979-80 में 13 करोड़ रुपया, 1980-81 में 38 करोड़ रुपए, 1981-82 में 50 करोड़ रुपए और जून, 1980 से डेसू का कोई जनरल मैनेजर नहीं है। उस दिन मेरे मित्र, श्री भगत जी ने यह सवाल उठाया था। दिल्ली केन्द्र के अधीन हैं। दिल्ली में विधान सभा नहीं है। दिल्ली में मल्टीप्लिसिटी आफ अथारिटीज हैं। पार्लियामेंट में दिल्ली के मामले में प्रतिबिम्बित नहीं हो सकते हैं। एक जनरल मैनेजर नियुक्त करने में आप क्यों देरी कर रहे हैं? मगर दिल्ली—दिल्ली की चिन्ता किसको है।

नतीजा यह है कि दिल्ली का राशन कम कर दिया गया है। 1978 में 20 किलो गेहूँ पर-हैड मिलता था, 1980 में 12 किलो रह गया और 1982 में 10 किलो रह गया। मजदूरों को खाने के लिए गेहूँ चाहिए, लेकिन मजदूरों को चावल दिया जा रहा है। कर्नाटक से शिकायत आ रही है कि वहां लोग चावल मांगते हैं, लेकिन गेहूँ दिया जा रहा है। सरकार दावा करती है कि रिकार्ड प्रोडक्शन है, तो फिर राशन को कम करने की क्या जरूरत हैं ?

मैंने सुना है कि दिल्ली के लैफ्टिनेंट गवर्नर ने यह रिपोर्ट भेजी है कि दिल्ली में कानून और व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गई है, इसलिए अभी चुनाव नहीं कराए जा सकते। मैं चाहता हूँ कि लैफ्टिनेंट गवर्नर की रिपोर्ट को सदन के टेबिल पर रखा जाए। दिल्ली में चुनाव क्यों टाले जा रहे हैं ? क्या इसलिए कि आप को पराजय की आशंका है।

संसदीय कार्य तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री भीष्म नारायण सिंह) : हमारी जीत होगी।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : तो करा लो।

गढ़वाल में चुनाव नहीं होंगे। असम की 12 लोक सभा की सीटें खाली हैं। असम के मतदाताओं को अपने प्रतिनिधि को निर्वाचित करने का मौका नहीं मिलेगा। चुनाव जम्मू और काश्मीर, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा तथा पश्चिम बंगाल में होने हैं। सभापति महोदय ये जानते हैं कि इन राज्यों में हालत अच्छी नहीं रहेगी।

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]
इसलिए कर्नाटक को भी नत्थी किया जा रहा है और आंध्र में भी चुनाव की चर्चा चल पड़ी है।

श्री वेंकटसुबैया जब बोल रहे थे तो मैंने उन्हें टोका था। वे भी मुख्य मन्त्री बन कर आन्ध्र जाना चाहते थे हमारे साथी अंजैया साहब थे, केन्द्र में भले थे, राज्य मन्त्री थे, जब आन्ध्र जाने लगे तो मैंने पूछा, "आन्ध्र क्यों जा रहे हैं ?" कहने लगे, "हमारी तरक्की हो गई है।"

एक माननीय सदस्य : आप की नजर लग गई।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उस दिन मैंने कहा—तरक्की नहीं, टरक्की हो रही है।

उन को किस तरह से निकाल दिया गया? मुख्य मंत्री के पद की गरिमा नहीं रह गई है। मुख्य मंत्री आप के ही दल का होगा, लेकिन मुख्यमंत्री को बेइज्जत करने में आप अगर अपने अधिकार का उपयोग करेंगे तो मुख्य मंत्री की संस्था को दुर्बल करेंगे। उन्हें हटाने का और भी तरीका हो सकता था। आन्ध्र की एक सभा में मैंने भाषण में कह दिया कि मुख्य मन्त्री को चपरासी की तरह से हटाया जा रहा हैं। तो एक चपरासी ने मुझे प्रोटेस्ट-लेटर लिखा। उसने कहा—आप हमारी तुलना मुख्य मंत्री से कैसे कर रहे हैं ? हम परमानेंट हैं. मुख्य मंत्री टेम्परेरी है। हमें कोई बिना-शो-काज-नोटिस के नहीं निकाल सकता। मुझे माफी मांगनी पड़ी। सामाजिक रूप से मैंने कहा—"मैंने चपरासियों का अपमान किया है, मैं माफी मांगता हूं।"

भ्रष्टाचार की बड़ी चर्चा हो रही है। जो सत्ता में हैं उन्हें जवाब-देह होना है। अन्तुले को तब तक नहीं हटाया गया, जब अन्तुले का मामला सदन में आया, अदालत ने अन्तुले को हटाया। लेकिन भ्रष्टाचार केवल कानूनी मुद्दा नहीं है, उसका एक नैतिक पहलू भी है। कई प्रदेशों के मुख्य मन्त्रियों और वहां की सरकारों के खिलाफ राष्ट्रपति और राज्यपालों को भ्रष्टाचार के अभियोग-पत्र दिये जा रहे हैं। मगर उन अभियोग-पत्रों के साथ केन्द्र में क्या खिलवाड़ हो रहा है—इसका मैं एक उदाहरण सदन के सामने रखना चाहता हूं।

9 दिसम्बर, 1981 को एक अन-स्टार्ड क्वेश्चन था, जिसका श्री वेंकटसुबैया ने जवाब दिया। वह मध्य प्रदेश के विधायकों द्वारा वहां की सरकार के विरुद्ध लगाये गये आरोपों के सम्बन्ध में था। श्री वेंकटसुबैया ने कहा :—

> "श्री सुन्दरलाल पटवा तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में दिये गये आरोपों को निर्धारित क्रियाविधि के अनुसार टिप्पणी के लिये मध्य प्रदेश के मुख्य मन्त्री को भेजा गया था, जो कुछ दिन पहले प्राप्त हो गई है और उन की जांच की जा रही है।"

यह 9 दिसम्बर, 1981 का श्री वेंकटसुबैया का जवाब है। मगर 8 दिसम्बर, 1981 को गृह मन्त्री ज्ञानी जैल सिंह मध्य प्रदेश के दौरे पर गये। उन से हवाई अड्डे पर किसी ने सवाल पूछा। सवाल यह था—"उस आरोप-पत्र का क्या हुआ ?" ज्ञानी जी ने जो जवाब दिया, वह आल इण्डिया रेडियो ने रिपोर्ट किया है, मैं बुलेटिन को उद्धृत कर रहा हूं :—

> "केन्द्रीय गृह मन्त्री श्री जैल सिंह ने खण्डवा में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कल एक प्रश्न के उत्तर में

कहा—प्रतिपक्ष द्वारा मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री अर्जुन सिंह तथा उन की सरकार के विरुद्ध भ्रष्टाचार के जो आरोप लगाये गये थे वे सब आरोप गलत और निराधार पाये गये।"

यह गृह मंत्री का जवाब है। 8 दिसम्बर को यह रेडियो में आया कि 7 दिसम्बर को उन्होंने खण्डवा में यह जवाब दिया है और 9 दिसम्बर को उन के ही सहयोगी, मगर कनिष्ठ सहयोगी, सदन में कहते हैं कि जांच जारी है। भ्रष्टाचार कांग्रेस पार्टी का घरेलू मामला नहीं है।

कल बिहार के मन्त्री मण्डल के खिलाफ एक लाख लोगों ने राज्यपाल के पास जा कर एक ज्ञापन दिया है। बिहार में ऐसे मुख्य मंत्री हैं जिन्होंने अपने खिलाफ अपने ही आदेश से मुकदमा वापिस ले लिया है। उन पर जालसाजी का आरोप है। कौन जांच करेगा, मैं जानना चाहता हूं? मैं चाहता हूं कि एक सर्व-सम्मत प्रक्रिया तय कर लीजिये जो सब दलों पर लागू होगी, सब समय के लिये होगी। यह खेल अब बहुत चल चुका है कि जब हम प्रतिपक्ष में थे तब हम कुछ कहें और अब सत्ता में हैं तो कुछ कहें। आप भी प्रतिपक्ष में रह चुके हैं और फिर आ सकते हैं। कई प्रदेशों में आप आज भी प्रतिपक्ष में हैं। मगर लोकतन्त्र को बचाना है तो हिंसा का परित्याग करना होगा। एक अधिक न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में सब लोगों को एक मत होना पड़ेगा और कोई आचार-संहिता बनानी पड़ेगी। क्या गृह मंत्री यह काम कर सकते हैं? अगर कर सकते हैं तो जिस पद पर बैठे हैं उस के अनुरूप अपने को सिद्ध कर सकते हैं, अन्यथा इतिहास उनके बारे में यही लिखेगा कि उन्हें मौका मिला था; मगर उन्होंने मौका गंवा दिया।

17.15 hrs.

STATEMENT *RE.* SITUATION IN BANGLADESH

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI P. V. NARASIMHA RAO)) : Early this morning Lt-Gen. H.M. Ershad, Chief of Army Staff in Bangladesh announced the suspension of the Constitution, the dissolution of the Givil Administration and Parliament, and the dismissal of the President and the Council of Ministers. Martial Law has been declared over the entire country and Gen. Ershad has been declared Chief Martial Law Administrator. Other appointments in the Martial Law Administration have been made. After being introduced by former President Sattar, Gen. Ershad said on the Bangladesh Radio that this action was necessary due to the critical state of the country and economy, and that elections would be held after improvement in the situation.

According to such incomplete reports as are available to us, the situation apperas to be under control. We are in communication with our High Commissioner in Dacca and we understand that all our personnel are safe. Government are continuing to watch the situation very carefully as it develops. We consider these developments an internal matter of Bangladesh, and it is our expectation that nothing will happen which will affect our bilateral relations adversely.

We attach fundamental importance to peace, harmony and cooperation with all our neighbours and stability in the sub-continent. It is our hope that the continuing friendship and cooperation between India and Bangladesh will be maintained.